# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 जनवरी, 2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 474


## वेकोलि में सोल्लास मनाया गया गणतंत्र दिवस
## शिक्षा एवं खेल- कूद के क्षेत्र में प्रतिभाओं को विकसित करने हेतु मिशन "तराश" का शुभारंभ







वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कंपनी के इंदोरा परिसर स्थित मैदान में आयोजित समारोह में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया एवं सुरक्षा परेड का निरीक्षण किया। इस के उपरांत उन्होंने टीम वेकोलि को संबोधित किया।

अपने संबोधन में श्री कुमार ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वेकोलि तेजी से अपने वार्षिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष में 22 जनवरी, 2023 तक के प्रगति पर कहा कि वेकोलि ने कोयला उत्पादन के, इस अवधि के निर्धारित सकल 43.30 मिलियन टन के लक्ष्य को पार करते हुए, 43.78 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। यह गत वर्ष से 5.30 मिलियन टन अधिक है। इसी प्रकार वेकोलि ने इस वित्तीय वर्ष में 22 जनवरी, 2023 तक 47.47 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है, जो वेकोलि के इस अवधि के लक्ष्य का 96.5% है। उन्होंने बताया कि वेकोलि ने इसी अवधि में 239.81 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाकर कर अपने इस अवधि के लक्ष्य का 97.1% लक्ष्य हासिल कर लिया है।

उन्होंने बताया कि माह दिसम्बर 2022 में वेकोलि ने अभी तक का, दिसम्बर माह का, सर्वाधिक कोयला उत्पादन एवं ओवर बर्डन निष्कासन किया है। उन्होंने आगे कहा कि यह गति जनवरी माह में भी जारी है। वेकोलि ने इस माह में 1 से 22 जनवरी तक के अवधि का, अब तक का सर्वाधिक उत्पादन, प्रेषण तथा ओवर बर्डन निष्कासन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि वेकोलि अपने इस वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों - 63 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 63 मिलियन टन प्रेषण एवं 330 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन निष्कासन को प्राप्त करने में सफल होगा।

उन्होंने आगे अपने संबोधन में नई खनन तकनीक के इस्तेमाल, पर्यावरण संरक्षण, कोयले की गुणवत्ता, कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के अंतर्गत किए गए कार्य, ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, मिशन सेहत की उपलब्धियां आदि के विषय में बात की।

श्री कुमार ने अपने संबोधन के दौरान शिक्षा एवं खेलकूद में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से मिशन – तराश (MISSION – TARASH) (Talent Amplification of Rural Youth Through Aggressive Skill Hunt) के शुभारंभ की घोषणा की। मिशन – तराश के माध्यम से वेकोलि अपने आस-पास के क्षेत्रों में बसे युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का उचित अवसर एवं संसाधन देने का प्रयास करेगा, जिससे वे अपने सर्वांगीण विकास के साथ-साथ समाज और अपने देश का गौरव बढ़ाएंगे।

गणतंत्र दिवस समारोह में मार्च पास्ट के उपरान्त सुरक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा बैंड प्रदर्शन, साइलेंट ड्रिल, लाठी एवं कराटे का प्रात्यक्षिक, लेज़िम तथा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान उत्कृष्ट सुरक्षा कर्मियों को सीएमडी श्री मनोज कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके उपरांत वेकोलि के सभी क्षेत्रों द्वारा भव्य एवं आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गयी। इस प्रस्तुति में उमरेड क्षेत्र की झांकी को प्रथम, नागपुर क्षेत्र की झांकी को द्वितीय तथा वणी क्षेत्र की झांकी को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

समारोह में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्षा डॉ. सोनाली म्हेत्रे, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ



अधिकारी तथा कर्मी गण उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह का सीधा प्रसारण कम्पनी के यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।


















## वेकोलि ने जीता कोल इंडिया अंतर कंपनी क्रिकेट टूर्नामेंट 2022-23




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में दिनांक 16 से 21 जनवरी, 2023 तक खेले गए "कोल इंडिया अंतर कंपनी क्रिकेट टूर्नामेंट 2022-23" में वेकोलि की टीम विजेता रही। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में वेकोलि की टीम ने एनसीएल की टीम को हराकर यह जीत हासिल की। फाइनल मैच में एनसीएल ने प्रथम बल्ले बाजी करते हुए 20 ओवर में 100 रन बनाए। वेकोलि की टीम ने 19 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट जीत लिया। इस टूर्नामेंट में डब्ल्यूसीएल के साथ कोल इंडिया लिमिटेड, सीसीएल, सीएमपीडीआई, ईसीएल, एससीसीएल, एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल तथा बीसीसीएल की टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के अंतिम दिवस पर समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।

कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने अपने उद्बोधन में सभी टीमों को अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया का हर कर्मी अपनी रुचि के अनुसार किसी एक खेल को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने दोनों टीमों को प्रेरित करते हुए कहा कि मैच में हार या जीत से भी अधिक महत्वपूर्ण उस खेल की तैयारी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगे भी बेहतर खेल जरी रखने को कहा।

निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेल के माध्यम से न केवल शारीरिक एवं मानसिक सबलता बढ़ती है, बल्कि इससे टीम भावना भी विकसित होती है। यह किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिया आवश्यक है। उन्होंने टूर्नामेंट की विजेता टीम डब्ल्यूसीएल को विशेष शुभकामनाएं दी और अन्य टीमों को भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्रम-संघ प्रतिनिधि श्री एस. क्यू. जामा ने अपने उद्बोधन में विजेता तथा उप विजेता टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

वेकोलि तथा एनसीएल टीम के सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। टूर्नामेंट में फाइनल मैच के मेन ऑफ द मैच का खिताब वेकोलि टीम के श्री सरबजीत सिंह को दिया गया। सम्पूर्ण टूर्नामेंट के लिए बेस्ट बैट्समैन का खिताब एनसीएल टीम के श्री साहिल जायसवाल को तथा बेस्ट बॉलर का ख़िताब एनसीएल टीम के ही श्री राहुल गुप्ता ने हासिल किया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट वेकोलि टीम के श्री सुल्तान अहमद रहे। सभी अतिथियों ने उपविजेता ट्रॉफी एनसीएल तथा विजेता ट्रॉफी वेकोलि के टीम को प्रदान की।

कार्यक्रम में वेकोलि संचालन समिति के सदस्य श्री शिव कुमार यादव, श्री फ्रांसिस दारा, श्री सी. जे. जोसेफ एवं श्री सतीश गबाले की प्रमुख उपस्थिति रही। साथ ही वेकोलि कल्याण मंडल के सदस्य श्री बृजेश सिंह, श्री कामेश्वर राय, श्री मुरली चिंतलवार एवं श्री अजय पाल यादव की भी विशेष उपस्थिति रही। दर्शक दीर्घा में वेकोलि के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मैच का लाइव प्रसारण किया गया, जिसका दर्शकों ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का संचालन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) तथा धन्यवाद ज्ञापन कल्याण मंडल के सदस्य श्री बृजेश सिंह ने किया।



## टीम वेकोलि से सीएमडी श्री मनोज कुमार हुए 'रू-ब-रू'






'रू-ब-रू' की श्रृंखला में दिनांक 17.01.2023 को सीएमडी श्री मनोज कुमार ने टीम वेकोलि से संवाद किया। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री कुमार ने कहा कि कोयला उत्पादन में वेकोलि तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कोयला उत्पादन, डिस्पैच एवं ओबीआर की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के दौरान 105 कर्मियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'स्टार पर्फोर्मर' के सम्मान से नवाज़ा गया। इन में से वेकोलि मुख्यालय के श्री नवनीत खरे, वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) तथा श्री सुमित मेहरोलिया, हेड प्यून, को सीएमडी श्री मनोज कुमार ने पुरस्कृत किया। इसी प्रकार श्री मिमोह कोटिया, उप प्रबंधक (सीडी) को निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार तथा श्री नीरज गुरवे, लाइन मैन, को निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने पुरस्कृत किया। अन्य पुरस्कार विजेताओं को क्षेत्रों में सम्मानित किया जायेगा।

श्री कुमार ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि सभी कर्मी अपने बेहतरीन कार्य से अगली 'स्टार पर्फोर्मर' सूची में शामिल होंगे। उन्होंने सभी से अपना सर्वोत्कृष्ट योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यू-ट्यूब लाइव के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस माध्यम से वेकोलि के सभी क्षेत्र तथा बड़ी संख्या में कर्मी गण 'रू-ब-रू' कार्यक्रम से जुड़े।






WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।